आरोप | महिला एवं बाल विकास विभाग पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप, तेजस्वनी महिला संघ को नियमों को ताक पर रखकर किया भुगतान

# 79 .95 लाख के पोषण आहार भुगतान में बड़ा घोटाला, आरटीआई में खुलासा

**डिण्डौरी,नवभारत 2 फरवरी।** विगत दिवस मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पुनीत टंडन ने महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया भोपाल को लगभग 14 से 15 बिंदुओं पर एक शिकायत पत्र सौंप महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला डिण्डौरी में करोड़ों की योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताये बरते जाने के संगीन आरोप लगाए है।

पुनीत टंडन के मुताबिक सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त दस्तावेजों और विभागीय नोटशीट के अवलोकन से यह खुलासा हुआ है कि श्याम सिंगौर, सहायक संचालक एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग डिण्डौरी द्वारा तेजस्वनी महिला संघ डिण्डौरी को कथित सांठगांठ के तहत 79,95,727 रुपये का भुगतान किया गया, जिसमें गंभीर वित्तीय विसंगतियाँ प्रतीत होती हैं।

### आरटीआई से खुली फाइलें, भुगतान प्रक्रिया संदिग्ध

आरटीआई के तहत प्राप्त नोटशीट के अनुसार यह भुगतान नवम्बर 2017 से फरवरी 2020 की अवधि का बताया गया है। हैरानी की बात यह है कि भुगतान से संबंधित कई महीनों का देयक विवरण, मात्रा, कार्य निष्पादन एवं वास्तविक आपूर्ति का स्पष्ट उल्लेख ही अभिलेखों में नहीं है, जो सीधे-सीधे वित्तीय नियमों के उल्लंघन की ओर इशारा करता है।

### पायलट प्रोजेक्ट की आड़ में खेल?

महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा 17 जुलाई 2017 को जारी पत्र के अनुसार, जिला डिण्डौरी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को कोदो-कुटकी से निर्मित पट्टी सुबह के नाश्ते में देने के निर्देश थे। इसी आधार पर 226 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए तेजस्वनी महिला संघ के साथ अनुबंध किया गया। लेकिन सवाल यह है कि पायलट प्रोजेक्ट की अवधि समाप्त होने के बाद पुन: अनुबंध और कार्यक्षेत्र विस्तार तथा करोड़ों के भुगतान किस आधार पर और किस प्रक्रिया से किए गए?

**अब सवाल सरकार से**

क्या 79.95 लाख रुपये के भुगतान की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच होगी? क्या एक ही जिले में 13 वर्षों से पदस्थ अधिकारी की भूमिका की समीक्षा होगी? क्या आंगनवाड़ी बच्चों के पोषण के नाम पर हुए कथित घोटाले में दोषियों पर कार्रवाई होगी? अब निगाहें महिला एवं बाल विकास मंत्री और मध्यप्रदेश शासन पर टिकी हैं कि क्या इस गंभीर मामले में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन हो जाएगा। बहरहाल इस संबंध में जब हमने महिला एवं बाल विकास अधिकारी डिंडोरी श्याम सिंगोर से इस संबंध में उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने इतना ही कहा कि वह जानकारी देखकर ही कुछ बता पाएंगे।

### कार्यकाल विस्तार, लेकिन जवाबदेही शून्य

सूत्रों के अनुसार श्याम सिंगौर विगत 13 वर्षों से एक ही जिले (डिण्डौरी) में पदस्थ हैं। लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहने से विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता प्रभावित होने और निजी स्वार्थ की आशंका को बल मिलता है।

### दिनों की संख्या बढ़ाकर लाखों का भुगतान

आरटीआई दस्तावेजों के विश्लेषण में एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। नवम्बर 2018 माह के भुगतान में वास्तविक माह, 30 दिन दीपावली का शासकीय अवकाश एवं रविवार को जोड़ते हुए 32 दिवस दर्शाकर भुगतान किया गया यानी वास्तविक आपूर्ति से अधिक दिनों की गणना कर लाभार्थी संख्या बढ़ाई गई, जिससे समूह को लाखों रुपये का अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

### मीडिया में पहले भी उठ चुके हैं सवाल

जिले के विभिन्न समाचार पत्रों में इस मामले को लेकर पहले भी खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें भुगतान की प्रक्रिया, सांठगांठ और नियमों की अनदेखी पर सवाल उठाए गए हैं। बावजूद इसके अब तक न तो विभागीय जांच सार्वजनिक हुई, न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई सामने आई।

**इनका कहना है**

मेरे द्वारा डिंडोरी महिला एवं बाल विभाग से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी प्राप्त की गई थी, जिसके अध्ययन उपरांत मैंने पाया कि विभाग में पोषण आहार भुगतान में गंभीर अनियमितताये बरती गई है और लाखों का घोटाला किया गया है। उसी तारतम्य में मैने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री के पास शिकायत पत्र सौंप जांच की मांग की है।

**पुनीत टंडन, प्रदेशाध्यक्ष, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ**



## समाज को संगठित रहना होगा : तिवारी

▶ चंदवाही में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**शहपुरा नवभारत 2 फरवरी।** शहपुरा विकासखंड अंतर्गत मंडल चंदवाही में हिन्दू सम्मेलन उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में कलश यात्रा निकाली गइ। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा रामायण पाठ और भारत माता की आरती तथा राम आयेंगे गीत पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आचार्य रेवा महाराज ने कहा कि सनातन हिन्दू पद्धति एक जीवन पद्धति है. आज आवश्यकता है कि अपने धर्म संस्कृति और संस्कार के बारे में अगली पीढ़ी को समझाये। मुख्य वक्ता अभिषेक तिवारी ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज को संगठित रहने एवं देशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का संदेश दिया.

**समाज की सबसे बड़ी शक्ति संगठन है-**उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसका संगठन है। जब समाज संगठित रहेगा तभी बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकेगा। उन्होंने पंच परिवर्तन के बारे मे विस्तार से बताया. माया बरमैया ने भी परिवार प्रबोधन विषय पर अपनी बात रखी और सभी को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष प्रियंका मार्को, सरपंच गेंदलाल सहित ग्राम व क्षेत्र के हिंदू जन एवं मातृशक्ति शामिल रहीं।



## पहले दिन अधिकारों के प्रति किया जागरूक

▶ वन अधिकार अधिनियम विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**करंजिया, नवभारत 2 फरवरी।** विगत दिवस जनपद पंचायत करंजिया में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम बैच (करंजिया सेक्टर) का सोमवार को जनपद पंचायत करंजिया के सभाकक्ष में सरपंच की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण में सरपंच, सचिव, जीआरएस, मोबिलाइज़र, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, आशा कार्यकर्ता तथा पेसा समिति के सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण का संचालन आकांक्षी बीसी एवं पेसा बीसी के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गतिविधि आधारित सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों का आपसी परिचय कराया गया तथा ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत उनके अधिकारों, कर्तव्यों, ग्राम पंचायत में कार्यों की भूमिका एवं स्वयं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधि, मास्टर ट्रेनर, सावित्री वालर, डीओएवं जनपद पंचायत की समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम डुंगरिया में वालीबॉल स्पर्धा आज से

**अमरपुर नवभारत 2 फरवरी।** फोर एस क्लब ग्राम डुंगरिया ग्राम पंचायत भाखा माल विकासखंड अमरपुर के तत्वावधान में 3 से 6 फरवरी तक वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 10 हजार रुपए नकद व शील्ड, उपविजेता टीम को 5 हजार रूपए नगद व शील्ड एवं तृतीय विजेता टीम को 1500 रूपए नकद व शील्ड प्रदान की जाएगी। इच्छुक टीमें 201 रूपए एंट्री फीस जमा कर भाग ले सकती हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष बर्मन, उपाध्यक्ष सम्पत सिंह धुर्वे, सचिव रूप सिंह तेकाम, कोषाध्यक्ष फूल सिंह बर्मन द्वारा बताया गया कि खिलाड़ियों को खेल के दौरान चोट लगने पर खिलाड़ी की स्वयं जिम्मेदारी होगी, एंपायर का निर्णय सर्वमान्य होगा, 20 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाले टीमों की भोजन एवं आवास व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा।



## टाइगर रिजर्व में दो बाघों की लड़ाई में एक हुआ घायल

▶ डॉक्टरों और वन अमले की टीम कर रही इलाज

**चिल्हारी नवभारत 2 फरवरी।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे शहडोल वन मंडल के जयसिंहनगर परिक्षेत्र में दो बाघों के बीच आपसी संघर्ष हुआ। इस संघर्ष में एक 8 वर्षीय बाघ गंभीर रूप से घायल हो गया। कक्ष क्रमांक आर्यन 380 में हुई इस घटना में बाघ के चेहरे और पैर में गहरी चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची और घायल बाघ को रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद घायल बाघ को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मगधी परिक्षेत्र स्थित बेहरहा इंक्लोजर में रखा गया है। यहां उसका इलाज किया जा रहा है। 29 जनवरी को रेस्क्यू के बाद प्रारंभिक निगरानी के दौरान बाघ को चलने में दिक्कत देखी गई थी, जिसके बाद डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया।वन विभाग के अनुसार, डॉक्टरों की टीम एक बंद वाहन में इंक्लोजर के भीतर जाकर डॉट गन की मदद से बाघ को दवाइयां दे रही है। घायल बाघ की एक हफ्ते से अधिक समय तक लगातार निगरानी की जाएगी। उसके स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसे सुरक्षित रूप से किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने रविवार को जानकारी दी कि घायल बाघ की उम्र लगभग 8 वर्ष है। उसके चेहरे और पैर में चोटें हैं, लेकिन फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

## सुरक्षा नियमों की अनदेखी, श्रमिकों की जान से हो रहा खिलवाड़

▶ एसईसीएल प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में संयुक्त मोर्चा का आंदोलन जारी, जोहिला क्षेत्र के श्रमिकों में व्यापक असंतोष

**नौरोजाबाद नवभारत 2 फरवरी।** देश की मिनी रत्न कंपनी साउथ इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड जोहिला क्षेत्र में श्रमिक 72 मांगों को लेकर पिछले सात दिनों से आंदोलन में बैठे हुए हैं, लेकिन प्रबंधन के कानो में जूं नहीं रेंग रही हैं। प्रबंधन के इस रवैये से श्रमिकों में असंतोष भड़क रहा है।

बताया जाता है कि एसईसीएल जोहिला क्षेत्र में जब से तत्कालीन महाप्रबंधक के कार्यशैली से जब तब आये दिन आंदोलन होते रहे हैं, लेकिन इस कार्यशैली से व्यथित होकर जोहिला क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठनों ने आंदोलन की राह पकड ली हैं। विदित हों कि जोहिला क्षेत्र में औद्योगिक संबंधों को महाप्रबंधक के अडियल रवैये के कारण शून्य हो गये है और श्रमिक संगठन कई बार अपमान के घूंट पीकर रह गया।

### ठेका श्रमिकों का हो रहा शोषण

श्रमिक संगठन के सीटू श्रमिक संघ के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य ने प्रबंधन के कार्यों की निंदा करते हुए भ्रष्टाचार, ठेका श्रमिकों का शोषण करते हुए उनके हाजिरी का अथाह पैसा लूटने में प्रबंधन जुटा हुआ है। कंचन ओपन कास्ट खदान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला उठाते हुए कहा कि प्रबंधन श्रमिकों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है।



### सड़कों की हालात जर्जर

उल्लेखनीय है कि जोहिला क्षेत्र में सडकों की हालात जर्जर हो गयी है, लेकिन प्रबंधन इस काम में लीपापोती कर उनके नाम पर जब तब भारी धांधली कर मामले को रफादफा कर दिया जाता है। सोमवार के आंदोलन में संयुक्त मोर्चा की ओर से अशोक पाण्डेय बीएमएस, बिहारी लाल पटेल एचएमएस, पारस नाथ एटक, दिलीप सोनी इंटक, कुंजमणि वर्मा सीटू का जत्था क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। आंदोलन का आज सातवा दिवस है और इसी क्रम में संयुक्त मोर्चा प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के विरोध में अनशनरत है।

### प्रबंधन के काले कारनामों को किया उजागर

सोमवार को आंदोलन स्थल पर एक आ सभा रखी गयी, जिसे श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए प्रबंधन के काले कारनामों पर प्रकाश डाला। आम सभा में अमृत लाल विश्वकर्मा सीटू, प्रीतम पाठक इंटक नागैन्द्र सिंह बी एम एस, राम कुंअर प्रजापति इंटक, अशोक पाण्डेय एटक, एस डी सिंह सीटू, मो फजल एटक नौमी शरण यादव बी एम एस अरूण मिश्रा एच एम एस आदि श्रमिक नेताओं की भागीदारी देखी गयी।





## बड़खेरा में प्रवाहित हो रही श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञान गंगा

**चिल्हारी नवभारत 2 फरवरी।** मानपुर तहसील के ग्राम बड़खेरा के प्रतिष्ठित पांडेय परिवार में 24 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथावाचक वृंदावन धाम के गोविंद शुक्ला शास्त्री द्वारा कथा महापुराण का सरस प्रवाह जारी है। शास्त्री द्वारा सुदामा चरित्र का भावपूर्ण चित्रण किया गया, जिससे समस्त श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर कथा श्रवण करने उमरिया के पूर्व विधायक अजय सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस के ओपी द्विवेदी, नगर पालिका उमरिया के अध्यक्ष प्रतिनिधि तिधुवन प्रताप सिंह, प्रभु दयाल तिवारी, त्रिवेणी शरण द्विवेदी, आशुतोष त्रिपाठी आदि ने पहुंचकर कथा श्रवण की।

**आज होगा भंडारे का आयोजन-**विदित हो कि यह कथा सुख सागर पांडे द्वारा अपने पुत्र के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित की गई है। इसमें कथा श्रोता बिजेंद्र कुमार पांडे एवं मुख्य यजमान के रूप में मानवती पांडे विराजित रहीं। मंगलवार को अंतिम कथा दिवस को सुदामा चरित्र, पूर्णाहुति, गौतर्पण एवं हवन का के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और ब्राह्मण भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया होगा।

## ग्रामीणों ने जमकर उठाया मड़ई मेले का लुत्फ

▶ आज मनाई जाएगी गुदरी मड़ई

**अमरपुर नवभारत 2 फरवरी।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में दो-दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन सोमवार को आस-पास के गांवों के ग्रामीणों द्वारा परांपरानुसार भारी मात्रा में चंडी ब्याही गई। इसमें अहीरों द्वारा अहीरी नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

ऐसा मानना हैं कि एक दिन पूर्व अपने कुल देवी की पूजा पाठ कर मड़ई में चंडी लेकर नहीं आने पर अनेकों प्रकार की विपत्तियों का सामना करना पड़ता हैं। आयोजित मड़ई में अनेक प्रकार के मिष्ठान, बर्तन, कपड़ों की आकर्षक दुकानें व्यापारियों द्वारा सजाई गई, जिसमें आस पास गांवों के ग्रामीणों ने सपरिवार पहुंचकर आकर्षक झूले सहित खेल तमाशे का जमकर लुत्फ उठाया।



### ग्रामीणों ने की खरीदारी

इसके अलावा ग्रामीणों ने कपड़े, घरेलू दैनिक उपयोग की सामग्री, मिठाई और बच्चों के लिए खिलौनों की भी जमकर खरीदारी की गई। इस मड़ई मेले में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने आटो रिक्शा आदि गाड़ियां से दूर दराज से हजारों की संख्या में पहुंचकर मड़ई मेले में जमकर लुत्फ उठाया। मंगलवार को दूसरे दिन गुदरी मड़ई का आयोजन किया जागा।



## ग्राम पलझा में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

**चिल्हारी नवभारत 2 फरवरी।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के समीपी ग्राम पलझा में संघ शताब्दी वर्ष को लेकर के हिंदू सम्मेलन ग्राम पलझा में में आयोजित किया गया। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे ग्राम का भ्रमण किया और इसका समापन बरदौहा में शिव मंदिर प्रांगण में हुआ। इसमें मातृशक्ति की भारी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में चुनार बनारस के ब्रह्मानंद महाराज शामिल हुए। महाकौशल प्रांत प्रमुख अजय दास की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्र-छात्राओं व छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हिन्दू सम्मेलन में महिलाओं की अहम भूमिका रही। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने सभी लोगों से कहा कि जात पात की करो बिदाई हम सब हिंदू भाई-भाई है। सभी लोगों को जागरूक करने के लिए भी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विनय सिंह बेटू भैया, नागेंद्र जायसवाल, विकास श्रीवास्तव, भागवत द्विवेदी की उपस्थिति रही।

मनमानी | छात्रावास में अनाधिकृत रूप से दो दिनों का अवकाश, मड़ई के चलते बच्चियों के भविष्य से खिलवाड़

# छात्राओं ने खोली स्कूल के जिम्मेदारों की पोल

**अमरपुर नवभारत 2 फरवरी।** अमरपुर विकासखंड के शासकीय स्कूलों में पदस्थ जिम्मेदार अपने हिसाब से स्कूलों को संचालित करने का मन बना चुके है। इनके लिए शासकीय दिशा निर्देशों का कोई महत्व नहीं है, सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मापदंडों का पालन करना भी इन जिम्मेदारों द्वारा जरूरी नहीं समझा जा रहा, कहना गलत नहीं होगा। अमरपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी शायद शासकीय दिशा निर्देशों का पालन अपने शिक्षकों से नहीं करा पा रहे हैं।

मड़ई मेला घूमने का शौक रखने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों के भविष्य से किस प्रकार खिलवाड़ कर रहे हैं इसकी बानगी लगातार देखने को मिल रही है। अभी तक सामने आए मामलों पर कठोर कार्यवाही का अभाव ही देखा गया है। अगर प्रशासनिक स्तर पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदारों के ऊपर कड़ी कार्यवाही गई होती तो पुन: सोमवार शिक्षिका द्वारा बरती गई लापरवाही देखने को नहीं मिलती। जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली इतनी स्वार्थ पूर्ण हो चुकी है कि इसका सीधा प्रभाव स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर देखने को मिल रहा है, जबकि आगामी माह से वार्षिक परीक्षाएं आरंभ होने जा रही हैं।



### अवकाश की सूचना मुझे नहीं है

बता दें कि अमरपुर ब्लॉक मुख्यालय अमरपुर में 2 फरवरी को सभी छात्राएं छात्रावास में दिखाई दीं तब छात्राओं से पूछा गया कि स्कूल क्यों नहीं गए तो उनका जवाब था कि मैडम ने दो दिन स्कूल नहीं आने को कहा हैं। वहीं, छात्रावास अधीक्षिका का कहना था कि अमरपुर में दो दिवसीय मड़ई मेला चल रहा हैं, वाहन ज्यादा चलेंगे कहीं कोई घटना न घट जाए इसलिए मना कर दिया था। इस संबंध में खंड स्त्रोत समन्वयक सुरेश किशोर दुबे का कहना था कि अवकाश की सूचना मुझे नहीं हैं, मैडम से पूछता हूं।

### छात्रावास में चहुंओर गंदगी का आलम

छात्रावास में छात्राओं की दर्ज संख्या 175 हैं, फिर भी उन छात्राओं के लिए वर्षों से सोने को पलंग ही नहीं है। गंदगी भी इतनी हैं कि बदबू की वजह से खड़े होने में भी मुश्किल हो रही थी। शासन का बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का नारा भी दिखावा साबित हो रहा हैं। उक्त छात्रावास अव्यवस्थाओं के साथ संचालित हो रहा हैं, जिसका जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को औचक निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का प्रयास करना चाहिए।

**इनका कहना है**

मुझे अवकाश की जानकारी नहीं हैं और कस्तूरबा गांधी छात्रावास डीईओ के अधीनस्थ आता हैं।

**शिव भजन परस्ते, बीईओ अमरपुर**

## देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी : पांडे



**नवभारत उमरिया।** संसद में रविवार को केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी निर्वतमान जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने अपने सहयोगियों के साथ लेप्टॉप के माध्यम से बजट का सीधा प्रसारण देखा। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री पांडे ने कहा कि यह बजट देश के युवाओं, रोजगार सृजन, किसानों एवं व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने इसे जनहितैषी, दूरदर्शी और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया। श्री पाण्डेय ने कहा कि बजट में शिक्षा, स्टार्टअप, कृषि, लघु उद्योग और बुनियादी ढांचे पर विशेष फोकस किया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

## चॉपर से बाघिन को किया जाएगा एयरलिफ्ट

▶ बांधवगढ़ से राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व पहुंचाया जाएगा




**चिल्हारी नवभारत 2 फरवरी।** बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व से एयर लिफ्ट कर बाघिन को राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व पहुंचाया जाएगा। उक्त मामले को लेकर आज 2 फरवरी की दोपहर इण्डियन एयर फोर्स के चॉपर और बांधवगढ़ प्रबंधन ने गुरूवाही हेलीपैड में मॉक ड्रिल किया है।

दरअसल राजस्थान में तीसरे टाईगर रिज़र्व के रूप में अप्रैल 2013 में मुकुंदरा हिल्स टाइगर अस्तिव में आया है। वर्तमान में यहां बाघों की संख्या अभी वर्तमान में 6 के आसपास है। क्योंकि अभी तक बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व से जिस भी टाइगर को अन्य टाइगर रिजर्व शिफ्ट किया गया है उसे सड़क मार्ग से शिफ्ट किया गया है लेकिन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के बीच की दूरी काफी अधिक है इसलिए कम समय में बाघिन को शिफ्ट करने के लिए एयरलिफ्ट का उपयोग किया जाएगा।

### किस बाघिन को भेजा जाएगा अभी तय नहीं

बांधवगढ़ प्रबंधन द्वारा किस बाघिन को एयरलिफ्ट किया जाएगा, इसका चयन अभी नहीं हुआ है। प्रबंधन ने बताया है कि अभी बाघिन का चयन किया जा रहा है तत्पश्चात उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद एयरलिफ्ट को अंजाम दिया जाएगा। हालांकि एयर लिफ्ट के मामले में बांधवगढ़ प्रबंधन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है।

### बांधवगढ़ से ही क्यों

दरअसल बांधवगढ़ मध्य प्रदेश का एक ऐसा टाइगर रिजर्व है जहां सबसे अधिक बाघ हैं। वर्तमान में बांधवगढ़ में 200 के आसपास बाघों की संख्या है। इस एअरलिफ्टिंग को मानव बाघ द्वंद्व को रोकने के रूप में भी वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट देख रहे हैं।